पत्रिका 18.09.2022

सीबीएस में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन

रायपुर@पत्रिका. पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के मूलविज्ञान केंद्र (सीबीएस) में शनिवार को स्टूडेंट इंडक्शन कार्यक्रम 'दीक्षारंभ' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नव प्रवेशित छात्रों को उनके पाठ्यक्रम से विवि प्रबंधन ने परिचित करवाया। कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. केशरी लाल वर्मा ने कहा कि दीक्षारंभ से दीक्षांत तक का समय छात्रों के लिए सुअवसर होता है। नवप्रवेशित छात्र विश्वविद्यालय के विभागों का विजिट करें और अपना दायरा बढ़ाएं। अनुशासन में रहते हुए अभिभावकों और अपने सपने साकार करें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. वायएम गुप्ता तथा कुलपति प्रो. केशरी लाल वर्मा ने मूलविज्ञान केंद्र की वार्षिक पत्रिका जरई के पांचवें अंक का विमोचन किया। इस दौरान सीबीएस के संचालक प्रो. कल्लोल के घोष, डॉ. लक्ष्मी कांत, डॉ. दीनु जोशी, डॉ स्मिता शर्मा, डॉ भानुश्री गुप्ता, डॉ. गिरजा शंकर गीतम, डॉ. तोषिकी यादव, डॉ. योगिता परगनिहा, मनोज कुमार, विक्रम चंद्रवंशी, संजय यादव सहित अधिकारी-कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित थे।